Regarding establishment of IIM / IIT in Tripura

**श्री बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा पश्चिम) :** महोदय, मैं आपके सामने एक बहुत ही महत्वूपर्ण विषय रखना चाहता हूं । त्रिपुरा छोटा स्टेट है, आर्थिक रूप से कमजोर है और केन्द्र सरकार के ऊपर निर्भर है । वहां इंडस्ट्रियल ग्रोथ की बहुत ज्यादा संभावना नहीं है । प्राइमरी सेक्टर है । एजुकेशन सेक्टर में बहुत अच्छा काम हो सकता है । वैसे भी नॉर्थ ईस्ट में एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन कम है । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि त्रिपुरा में एक आईआईएम या आईआईटी के जो संस्थान हैं, वहां प्रतिष्ठित करने का काम करें । इसमें आस-पास की स्टेट से भी आकर विद्यार्थी पढ़ सकते हैं । त्रिपुरा में जब ऐसे इंस्टीट्यूशन्स होंगे तो स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा । नॉर्थ ईस्ट के जो ऐसे छोटे-छोटे स्टेट हैं, उनको आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने का एकमात्र उपाय एजुकेशन इंस्टीट्यूशन है । त्रिपुरा की लिटरेसी रेट भी लगभग 98 परसेंट है । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यही आग्रह करूंगा कि आईआईएम या आईआईटी में से कोई एक इंस्टीट्यूशन देने की व्यवस्था करे । धन्यवाद ।